
# शराब नहीं पी, नींद की गोली खाकर गिर पड़े थे उपवन क्षेत्रपाल

## शराब पीकर ग्रामीणों से उलझे थे, शिकायत के बाद रेंजर ने अपने प्रतिवेदन में हास्यास्पद ढंग से उनका बचाव किया

**सिवनी/धूमा, देशबन्धु।** सिवनी जिले के लखनादौन वन विभाग के अंतर्गत धनककड़ी पहाड़ी का एक मामला इन दिनों चर्चा में है। पहाड़ी में पदस्थ उपवन क्षेत्रपाल मनोहर परते द्वारा कुछ दिन पहले शराब पीकर कुछ ग्रामीणों के साथ गाली गलौज की गई थी। इस पर ग्रामीणों के द्वारा हंड्रेड डायल को कॉल करके उस वन क्षेत्रपाल की शिकायत की थी। फिर हंड्रेड डायल के द्वारा वन क्षेत्रपाल को धूमा लाया गया।

इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन लगाई गई थी तो रेंजर उत्तम मिश्रा द्वारा क्या गजब का प्रतिवेदन बनाया गया है कि आप भी पढ़ेंगे तो हैरान हो जाएंगे। लगता है कि एसडीओ गोपाल सिंह को भी नहीं होगा पता उस प्रतिवेदन में क्या में लिखा गया है कि अचानक नींद की गोली खाकर उपवन क्षेत्रपाल गिर पड़े थे, लेकिन साहब नींद की गोली खाने के बाद इंसान सो जाता है यह आपको ही पता होगा लेकिन सवाल यह भी है किस डॉक्टर ने नींद की गोली खाने की उन्हें इजाजत दी थी उसे प्रतिवेदन में इसका भी उल्लेख करना था। आपको और नींद की गोली खाने के बाद लोग गिरते नहीं सीधे सो जाते हैं साहब।



आपका जो प्रतिवेदन जिस तरीके से बनाया गया है वह संबंधित अधिकारियों पर भी सवाल खड़े करता है। इस संबंध में संभवत सिवनी में नवागत डीएफओ साहब को भी नहीं पता होगा कि प्रतिवेदन कैसा बनाया जाता है।

इस संबंध में उस प्रतिवेदन को लेने के लिए मेरे द्वारा सूचना के अधिकार के तहत उस प्रतिवेदन की मांग की गई है। संबंधित अधिकारी को बचाने के लिए रेंजर उत्तम मिश्रा ने यह भी नहीं सोचा कि एक बार शिकायतकर्ता से बात कर ली जाए।

उत्तम मिश्रा पूर्व में कहानी रेंजर थे। विवाद के चलते हुए उन्हें लखनादौन मुख्यालय पहुंचा दिया गया है। अब वे उपवन क्षेत्रपाल मनोहर परते के बचाव के लिए बिल्कुल सामने आ खड़े हुए हैं जबकि साहब को यह भी नहीं पता था कि नींद की गोली खाने के बाद मनोहर परते जी कैसे लखनादौन पहुंच गए थे?क्या उन्हें यह भी नहीं पता था कि उनके संबंधित अधिकारी की पर्सनल गाड़ी से उन्हें लखनादौन छोड़ा गया था क्या उन्हें यह नहीं पता था कि किसी के द्वारा वीडियो या फोटोग्राफी मनोहर परते की गई थी।

क्या उन्होंने यह नहीं पता था कि हंड्रेड डायल में कॉल करने वाले व्यक्ति या सीडीआर नहीं निकल जा सकती थी तो फिर इतना घटिया प्रतिवेदन बनाकर रेंजर उत्तम मिश्रा क्या साबित करना चाहते हैं इसका तो लखनादौन एसडीओ और डीएफओ साहब जवाब देंगे।

# इंटर स्कूल टूर्नामेंट का समापन

**सौसर, देशबन्धु ।** नगर तथा आस पास की लगभग 10 प्राइवेट शालाओं के संगठन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में दो सप्ताह से सतत इंटर स्कूल टूर्नामेंट प्रतियोगिताओ का आयोजन की गया था जिसका समापन पुरुस्कार वितरण के साथ नगर के संकल्प हायर सेकेण्डरी स्कूल में हुआ।



समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़ एवं अनुविभागिय अधिकारी पुलिस श्री नागर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, जयंत गुरु, अनिल ठाकरे, ब्रजकिशोर चांडक, राष्ट्रपाल ढोक की प्रमुख उपस्थिति मे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवल एवं गायत्री मन्त्रोंचार के साथ की गयी ।

संकल्प शाला के संचालक द्वारा आये हुए समस्त अतिथियों का बैच लगाकर तिलक लगाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। आये हुए समस्त अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया गया ।

जिला पंचायत सदस्य मोहोड़ ने छात्रों से कहा की खेल में हार जीत होते रहती है वर्तमान में पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी जरुरी है । लेकिन जितनी लगन से आप खेलते हो उतनी ही लगन से पढ़ाई करना भी जरुरी है । एसडीओपी श्री नागर ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आज सभी शालाओं के जितने भी बच्चे यहाँ उपस्थित है इनको देख मेरा बचपन मुझे याद आगया और आप का अनुशासन देख मै बहुत खुश हो गया हूं।

**रंगारंग कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन** – खेल महोत्सव के समापन अवसर पर समस्त स्कूल की छात्राओं के ग्रुप ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये गए जिस पर उपस्थित सभी दर्शकों ने तालिया बजाई ।

**विजेता उपविजेताओ को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर किया सम्मानित** – दो सप्ताह तक हुए खेल आयोजन मे कबड्डी, खो खो, क्रिकेट, दौड़, लूडो, शतरंज, वालीबाल, फुटबाल, एवं अन्य खेल खेले गए थे. शनिवार को समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेताओ एवं उपविजेताओ को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**इन स्कूलो का रहा विशेष योगदान** – खेलो इंडिया थीम पर आयोजीत हुए इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता मे मुख्यतः प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से संकल्प स्कूल के संचालक राजेंद्र नीमकर, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल रामाकोना के संचालक सदाशिव खंडाईत, स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक मारोतराव बुले, सौसर पब्लिक स्कूल के संचालक नरेश आकोटकर, राजीव गाँधी स्कूल के संचालक मोना करवन्दे, श्री छत्रपति शिवाजी स्कूल के संचालक योगिता ठाकरे, इसके साथ साथ स्काईलाईन स्कूल, लिटिल स्टेप बोरगांव, ज्ञान गुंजन स्कूल बेरडी के खेल महोत्सव के शुभारंभ से लेकर समापन तक सहयोग रहा ।

## सार-समाचार

### गन्ना किसानों की बैठक आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** आज 1 दिसंबर 2024 को कृषि उपज मंडी गाडरवारा में गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला नरसिंहपुर से जगदीश पटेल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मध्य प्रदेश में सर्वाधिक गन्ने का उत्पादन लगभग 65प्रतिशत से अधिक केवल नरसिंहपुर जिले में होता है यहां स्थित शुगर मिलें अधिकतम सर्व सुविधायुक्त है, बिजली उत्पादन, इथेनॉल से लेकर अन्य उत्पाद भी निर्माण कर रही हैं, मिल मालिकों द्वारा अधिक उत्पादन देने वाली गन्ने की प्रजातियों को नोटिस जारी कर यह उल्लेखित करते हुए बंद करवा दिया कि इस सीजन के बाद अगले सीजन यह प्रजाति नहीं ली जावेगी और कम उत्पादन क्षमता वाली अधिक सुगर रिकवरी वाली किस्में लगवा रही हैं और जिले में अन्य जिले ही नहीं अन्य प्रदेशों से अधिक रिकवरी होने के बाद भी किसानों को कम रेट देकर शोषण कर रही है। जिले के समस्त गन्ना उत्पादक किसान भाइयों से अपील है जिले की प्रत्येक शुगर मिल से किसान भाई बैठक में किसानों को मिलो की व्यवस्था एवं रेट को लेकर अपने सुझाव के साथ हिस्सेदारी करेंगे और संघर्ष कर एकजुटता से अपना हक हासिल करेंगे।लडेंगे, तब ही जीतेंगे।लड़े हैं और जीते हैं।यह जानकारी जगदीश पटेल द्वारा दी गई है।

### विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत शिक्षा केंद्र के परिसर विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का 11 बजे से आयोजित की गई जिसमेंमुख्य अतिथी रश्मि चौहान कार्यपालन अधिकारी जनपद ज़ पंचायत जुन्नारदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे रंगोली,/ चित्रकला% 100 मी0 दौड़ /कुर्सी दौड़ / जलेबी दौड़ /नृत्य एव गायन का आयोजन किया गया। जिसके जनपद शिक्षा केन्द्र जुन्नारदेव के ब्रूक्ष्ट श्री अरविन्द डेहेरिया तथा सभी ब्रूष्ट संजय व्यास तथा सभी ष्ट..ष्ट. और स्रूक्ष्ट अमजद खानतथा 48 दिव्यांग बच्चे एवं उनके पालक तथा शिक्षक योगदान रहा सभी की उपस्थिति सराहनीय रही। जनपद पंचायत एवं जनपद शिक्षा केंद्र जुनारदेव द्वारा पारितोषीक पुरस्कार वितरण किया गया ।

### मेगा सामान्य ज्ञान त्रिस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आज

**सौसर, देशबन्धु ।** पिछले 7वर्षों से युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन मेगा समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहा है, इस वर्ष भी तीन स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज 01 दिसम्बर 2024 दिन रविवार को की जा रही हैं। तीन स्तर पर यह प्रतियोगिता होगी, कक्षा 9 वीं, 10वीं, कक्षा 11वीं 12वीं, महाविद्यालय (कॉलेज) स्तर के सभी छात्र-छात्राएं शमिल होगे । छात्रों की सुविधा के अनुसार सौसर क्षेत्र में 5 परीक्षा केंद्र बनाये गए तथा एक परीक्षा केंद्र पांढुर्ना में बनाया गया है । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना, लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव, सरस्वती शिशु मंदिर लोधीखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपला ना., सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर पांढुरना में बनाया गया हैं । जिन छात्र छात्राओं को जो भी परीक्षा केंद्र नजदीक होता है वह उस परीक्षा केंद्र में आकर परीक्षा दे सकते हैं । महाविद्यालय (कॉलेज) स्तर के सभी छात्र-छात्राओं का एक ही सेंटर होगा एक्सीलेंस स्कूल सौसर तथा सरस्वती शिशु मंदिर पांढुरना में ही रहेगा। तीनों स्तर की परीक्षा में जो भी छात्र छात्राए है प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आते हैं उन विजेता विद्यार्थियों को भारत की पद्मश्री पद्म विभूषण से सम्मानित एवं जिन्होंने अपना जीवन समाज हित में देश के लिए समर्पित किया है ऐसे महान लोगों के हस्ते पुरस्कृत किया जाता है।

### मंदिर समिति की बैठक आयोजित



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला मंदिर जीर्णोद्धार समिति एवं प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 28/11/2024 को पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में शाम 4.00 बजे आयोजित की गई। समिति सदस्यों द्वारा चल रहे मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। बैठक में मंदिर के शिखर निर्माण मंदिर में मारबल टाईल्स लगवाने एवं मंदिर के शेष निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। मंदिर में रामदरवार, दुर्गा जी, गणेश जी, कार्तिकेय स्वामी एवं भैरव बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। मंदिर निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के संबंध में सभी सदस्यों निर्णय लिया गया । बैठक सर्व श्री अमरदीप राय, विष्णु शर्मा, संतोष सोनी, निरंजन राय, तरूण उपाध्याय, देवकुमार पटवा, मनोहर चौकसे, शंकर कुमरे, दिलीप दर्यापुरकर, वारू धुर्वे, उमाशंकर डेहरिया, देवेन्द्र अग्रवाल, संतोष कुमार सोनी, अजय धुर्वे आदि उपस्थित रहें।

# कुछ नहीं करती ग्राम पंचायत देवनगर, कचरे के ढेर, बजबजाती नालियां और बदहाल सड़क

**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र में गांव-गांव को साफ सुथरा बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत स्तर पर अनेक कार्य करवाए गए। वहीं गांव के लोगों को जागरूक करने की दिशा में कदम उठाया गया। वहीं शासन की ओर से स्वच्छता के तहत अलग से राशि पंचायतों को पहुंचाई गई। मगर इसका असर ग्राम पंचायत देवनगर पुराना में देखने को नहीं मिला है।



देवनगर पुराना गांव के रहवासियों ने बताया कि पंचायत के द्वारा किसी प्रकार की साफ सफाई का कार्य नहीं कराया जाता है,बजबजाती नाली को खुद साफ करना पड़ता है,तभी घरों का गंदा पानी बाहर बह कर निकालता है,ग्रामीण ने बताया यदि नाली की सफाई खुद नहीं करते हैं तो सड़क पर गंदा पानी बहता है, वहीं सड़कें के किनारे जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए है, पंचायत इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देती है। इस गंदे सड़क मार्ग से मजबूरी में स्कूल के बच्चे निकलते हैं क्योंकि इसी मार्ग पर हाईस्कूल मौजूद है।

नहीं बनवाई कच्ची सड़क-देवनगर पुराना ग्राम पंचायत भवन के सामने से लेकर शासकीय माध्यमिक शाला तक जाने वाले 100 फुट लम्बे सड़क मार्ग को पंचायत ने निर्मित नहीं करवाया। जिसके कारण सड़क मार्ग पर दलदल युक्त कीचड़ की स्थिति बनी रहती है और सड़क पर रहवासियों का गंदा पानी बहता है, इसी मार्ग पर आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ग्राम पंचायत भवन होने के बाद भी पंचायत के द्वारा उक्त सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है।

इससे बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है,इस पंचायत के गांव में जगह-जगह पर गंदगी फैली हुई है गांव के लोग कहते है कि कई बार पंचायत को समुचित कदम उठाने के लिए कहा जाता है। मगर उसके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके कारण गांव में स्वच्छता पूरी तरह से खत्म हो गई है।

# श्री मज्जगतगुरु समाधि लोकार्पण महोत्सव को लेकर बैठक



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस परमहंसी गंगा आश्रम में आगामी मज्जगतगुरु समाधि लोकार्पण महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गुरुपरिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप ने की। उनके साथ ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद , ब्रह्मचारी अचलानंद , ब्रह्मचारी ध्यानानंद और ब्रह्मचारी विमलानंद पंडित राजकुमार शास्त्री परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे कृष्ण कुमार द्विवेदी पद्मनाभधर दुबेदी रघुवीर द्विवेदी आनंद तिवारी जीपी चौबे मुकेश पाठक केजरीवाल अंकित अवस्थी मणि भाई सचिन अवस्थी दीपक शुक्ला जैसे सम्माननीय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए और कार्यभार का बंटवारा किया।कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए गुरुपरिवार और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस महोत्सव के अंतर्गत कई आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी - गीता जयंती, 11 दिसंबर 2024 को होगा।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार की कार्ययोजना को लेकर प्राचार्यों के साथ बैठक



**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा परिणाम के सुधार की कार्य योजना के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे की उपस्थिति में शनिवार 30 नवंबर को केवलारी एवं धनोरा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य की बैठक सीएम राइस विद्यालय केवलारी में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार को लेकर स्कूलवार विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें बच्चों को अच्छे बच्चों को प्रवीणता सूची में लाने के प्रयास के साथ ही कमजोर ग्रेड के बच्चों पर विशेष ध्यान देकर सभी अच्छे ग्रेड में लाने के निर्देश प्राचार्यों को दिए गए।

सभी प्राचार्य को गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान जैसे कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देकर प्रत्येक बच्चें की शैक्षणिक गतिविधियों में फोकस रखकर तैयारी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के स्थानीय सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में विगत दिवस शनिवार को श्रीधाम आई केयर के संचालक ऑप्टोमेट्रिस्ट संदीप चौधरी द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।



इसमें उनके द्वारा 270 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया,जहां नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर ने दृष्टि दोष से पीड़ित छात्रों को चश्मा पहनने और नियमित रूप से जांच करने की सलाह दी। मोबाइल से होने वाले दुष्परिणाम से बचने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। उचित आहार की सलाह दी गई । जैसे गाजर ,पपीता ,हरी सब्जी ,विटामिन युक्त भोज पदार्थ,सलाद का उपयोग दैनिक रूप से करना,आंखें आपका ख्याल रखती हैं,आप उनका ख्याल रखिए।

# पटेल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर नेतृत्व बदलाव को लेकर चर्चा तेज हो रही है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता जालम सिंह पटेल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। यह मांग पार्टी कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों के बीच बढ़ती लोकप्रियता के साथ सामने आई है।

**जालम सिंह पटेल का राजनीतिक सफर** -जालम सिंह पटेल भारतीय जनता पार्टी के अनुभवी नेता हैं और प्रदेश की राजनीति में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए प्रशासनिक और राजनीतिक कार्यों में अपनी कुशलता का परिचय दिया है। उन्होंने मंत्री के रूप में विभिन्न विभागों का नेतृत्व किया है और उनकी नीतिगत निर्णयों की सराहना हुई है। ग्रामीण विकास, किसान कल्याण और जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है।

श्री पटेल की जड़ें ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में मजबूत हैं। उनकी लोकप्रियता और कार्यशैली ने ग्रामीण जनता के बीच उन्हें खासा प्रभावशाली बनाया है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा को इन क्षेत्रों में और मजबूती मिलेगी।उनका राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक कौशल उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार बनाते हैं। भाजपा के कई कार्यकर्ताओं का मानना है कि पटेल पार्टी के भीतर संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत कर सकते हैं। आगामी चुनावों के मद्देनजर, प्रदेश अध्यक्ष के रूप में एक अनुभवी और जनता से जुड़े नेता की जरूरत महसूस की जा रही है। पटेल जैसे नेता के नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा मिल सकती है।



इस मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के एक बड़े वर्ग का समर्थन है। उनकी दलील है कि जालम सिंह पटेल के नेतृत्व से पार्टी को ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में बेहतर पकड़ मिलेगी। हालांकि, कुछ वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि पार्टी में संतुलन बनाए रखने के लिए युवा और नए चेहरे को भी मौका दिया जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश में भाजपा के सामने चुनौती सिर्फ विपक्षी कांग्रेस ही नहीं है, बल्कि पार्टी के भीतर भी संतुलन बनाए रखना एक अहम मुद्दा है। जालम सिंह पटेल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्रीय संतुलन स्थापित करने में मदद मिल सकती है। इसके साथ ही, उनकी छवि और लोकप्रियता से पार्टी को आगामी चुनावों में लाभ होने की संभावना है।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने फिलहाल इस मांग पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा नेतृत्व इस पर गंभीरता से विचार कर सकता है, क्योंकि प्रदेश में पार्टी को मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। जालम सिंह पटेल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग से यह साफ है कि पार्टी के भीतर और जनता के बीच उनका समर्थन मजबूत है। यदि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो यह न केवल उनके समर्थकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, बल्कि आगामी चुनावों में भाजपा की स्थिति को भी मजबूत कर सकता है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 01 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अमावस्या नक्षत्र-अनुराधा।**

**मेष** किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ** आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

**मिथुन** आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे।

`क- 137-577

**कर्क** आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें।

**सिंह** आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

**कन्या** आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे।

**तुला** आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक** आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**धनु** आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**मकर** बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

**कुंभ** कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है।

**मीन** आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

म. 239-490

2,3,5,6,25,36,55,64,40,92,87,02